हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 सितंबर 2026

04 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में होंगी...

07 नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहा...

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

30 तक सभी विभागों में लागू होंगे ई-एचआरएमएस और डीई पोर्टल

सीहोर। प्रदेश के शासकीय सेवकों के लिए मानव संसाधन प्रबंधन के लिए ई-एचआरएमएस एवं विभागीय जांच प्रकरणों के प्रबंधन के लिए डीई पोर्टल से संबंधित प्रकरणों के एंड-टू-एंड ऑनलाइन वर्कफ्लो की सुविधा प्रदान किए जाने का राज्य-शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा उक्त पोर्टलों को अपनाया जाएगा, जो आईएफएमआईएस स्पैरो एवं अन्य कर्मचारी-संबंधी पोर्टलों के साथ एकीकृत है। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागवार प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए जाने एवं इन पोर्टलों की प्रगति का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश अनुसार इन पोर्टलों को समस्त विभागों एवं उनके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में अपनाए जाने की सलाह दी गई है। नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक कर्मचारियों के संपूर्ण सेवा-जीवन चक्र का सुव्यवस्थित एवं एकीकृत प्रबंधन सुनिश्चित होगा। पदोन्नति, परिवीक्षाधीन अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाओं की पुष्टि एवं अन्य स्थापना-संबंधी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण में सुविधा होगी। स्थानांतरण, पदस्थापना एवं अन्य संवर्ग (कैडर) प्रबंधन संबंधी कार्य अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित हो सकेंगे।

प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर पर लगने वाले 12 दिवसीय मेले में प्रदेश भर से लाखों श्रद्धालुओं आते हैं दर्शन करने

गणेशोत्सव : वन-वे सिस्टम ठप, चारों एंट्री पॉइंट बंद, मंत्री पेट्रोल पंप रोड पर ही सिमटा पूरा मेला

बकरी पुल से लेकर मनकामेश्वर और शुगर मिल तक निर्माण कार्य जारी, बाहर से आने वाले 10 हजार वाहनों पर संकट, सिर्फ 300 गाड़ियों की पार्किंग से शहर में महाजाम तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सिद्धपीठ चिंतामन गणेश मंदिर में 14 सितंबर से शुरू हो रहे 12 दिवसीय गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार आस्था के साथ अव्यवस्था का साया भी मंडरा रहा है। शहर के सबसे बड़े उत्सव के लिए प्रशासन का सबसे भरोसेमंद ट्रैफिक प्लान यानी वन-वे सिस्टम इस बार पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। बकरी पुल, नदी चौराहा और शुगर मिल क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण यातायात पुलिस के हाथ बंध गए हैं।

नतीजा यह है कि भोपाल, इंदौर, आष्टा, इछावर और अन्य जिलों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के हजारों वाहनों के लिए अब सिर्फ एक ही रास्ता बचा है - मंत्री पेट्रोल पंप रोड। इसी एक सड़क से आना है और इसी एक सड़क से जाना है। ऐसे में बुधवार, शनिवार और रविवार को शहर में भीषण जाम और अफरा-तफरी की स्थिति बनना तय माना जा रहा है।

हर साल दो रूट, इस बार सिर्फ एक रूट पर पूरा भार : पिछले वर्षों तक गणेश मेले में ट्रैफिक को दो हिस्सों में बांटा जाता था। दर्शन के लिए आने वाले वाहनों को मंत्री पेट्रोल पंप से गणेश मंदिर की ओर भेजा जाता था, जबकि दर्शन के बाद वापसी के लिए शुगर मिल चौराहा से तहसील चौराहा, नदी चौराहा और एक्सीलेंस स्कूल होते हुए इंदौर नाका की ओर निकाला जाता था। इससे भीड़ बंट जाती थी और जाम नहीं लगता था। लेकिन इस बार यह पूरा सर्किट टूट गया है। शुगर मिल चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर, एक्सीलेंस स्कूल और तहसील चौराहा से इंदौर नाका तक सभी वैकल्पिक मार्ग निर्माण के कारण बंद हैं।पार्किंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, 300 गाड़ियों के बाद कहां जाएंगे वाहन

ट्रैफिक से भी बड़ी समस्या पार्किंग की है। प्रशासन ने इस बार सिर्फ दो जगह पार्किंग तय की है : पहली पुलिया के पास टीले पर और दूसरी पुरानी नर्सरी ईंट भट्ठों के पास। दोनों जगहों की कुल क्षमता सिर्फ 300 चार पहिया वाहनों की है, जबकि गणेश चतुर्थी और रविवार को 8 से 10 हजार वाहन शहर में आते हैं। ऐसे में हजारों वाहन सड़कों पर ही खड़े होंगे और जाम की स्थिति और भयावह हो जाएगी। स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों ने भी इसको लेकर चिंता जताई है।

कलेक्टर-पुलिस ने लिया जायजा, 12 दिन चलेगा महोत्सव: व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को कलेक्टर बालागुरु के. और एसपी सहित पुलिस अधिकारियों ने गणेश मंदिर का दौरा किया। मंदिर के प्रबंधक पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे और पुजारी पंडित हेमंत बल्लभ दुबे ने बताया कि इस बार उत्सव 12 दिन का रहेगा। 14 सितंबर को सुबह 4 से 6 बजे तक विशेष अभिषेक होगा और दोपहर में जन्म आरती के साथ मेले की शुरुआत होगी। मंदिर परिसर में झूले और दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं।

त्योहार का कैलेंडर

गणेश स्थापना: 14 सितंबर, सोमवार, शुभ मुहूर्त सुबह 11.02 से दोपहर 1.31 बजे तक

अनंत चतुर्दशी (विसर्जन): 25 सितंबर, शुक्रवार

क्यों बंद हैं चारों प्रमुख मार्ग - ग्राउंड रिपोर्ट

1. बकरी पुल - 6 महीने से बंद पड़ा है शहर का लाइफलाइन मार्ग: तहसील चौराहा से इंदौर नाका को जोड़ने वाला बकरी पुल पिछले 6 महीनों से निर्माणाधीन है। यह पुल शहर के ट्रैफिक का सबसे बड़ा प्रेशर पॉइंट था, जहां से वापसी वाले वाहनों को डायवर्ट किया जाता था। इसके बंद होने से पूरा भार अब मंत्री रोड पर आ गया है।
2. नदी चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर मार्ग - पहले से ही जाम का अड्डा: इस मार्ग पर सीसी रोड का काम चल रहा है। बाजार का पूरा ट्रैफिक अभी नगर पालिका कार्यालय वाली संकरी गली से निकाला जा रहा है, जहां रोजाना सुबह-शाम एक किलोमीटर तक लंबा जाम लग रहा है। ऐसे में मेले की भीड़ को यहां से निकालना जोखिम भरा है।
3. शुगर मिल से कोतवाली चौराहा - मछली पुल बना रोड़ा: इस मार्ग पर सबसे बड़ी बाधा मछली पुल है। मछली पुल से पुराना बस स्टैंड तक का रास्ता इतना संकरा है कि दो कारें भी एक साथ नहीं निकल सकतीं। बड़े वाहनों को यहां से निकालने पर पूरा शहर जाम हो जाएगा।
4. शुगर मिल से मंडी रोड - अंडर ब्रिज पर फंसता है ट्रैफिक: इस मार्ग पर रेलवे अंडर ब्रिज है। सामान्य दिनों में भी यहां पानी भरने और सकरी जगह के कारण जाम लगता है। गणेशोत्सव की भीड़ में इस मार्ग का उपयोग करना प्रशासन के लिए संभव नहीं है।

---

50 से अधिक ठेकेदारों की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी गठित, भुगतान में देरी और प्रशासनिक अड़चनों के समाधान को लेकर एकजुट होकर काम करने का संकल्प

सीहोर। जिले में लंबे समय से निष्क्रिय पड़े शासकीय ठेकेदार संगठन को फिर से सक्रिय करने के उद्देश्य से शासकीय ठेकेदार जिला महासंघ का गठन किया गया है। शनिवार को शहर के वल्लभ कृपा होटल में आयोजित बैठक में जिलेभर से 50 से अधिक ठेकेदार शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी एवं ठेकेदार रविन्द्र यादव को महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए ठेकेदारों की समस्याओं को एकजुट होकर उठाने और उनके समयबद्ध समाधान के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शासकीय कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने, प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा ठेकेदारों के सामने आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को उचित मंच पर उठाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

ठेकेदारों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता

महासंघ के नवनियुक्त अध्यक्ष रविन्द्र यादव ने कहा कि ठेकेदारों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान महासंघ की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। संगठन प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर ठेकेदारों के हित में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार केवल निर्माण कार्य करने वाला वर्ग नहीं है, बल्कि जिले के विकास में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भुगतान में देरी, कार्यस्थलों पर सुरक्षा की कमी, प्रशासनिक अड़चनें और नियमों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से संबंधित अधिकारियों और सरकार के समक्ष रखा जाएगा। जायज समस्याओं के निराकरण के लिए सभी ठेकेदार एकजुट होकर प्रयास करेंगे।

समाजसेवा के क्षेत्र में भी योगदान देगा महासंघ

बैठक में महासंघ को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि ठेकेदारों के हितों की आवाज उठाने के साथ महासंघ रक्तदान शिविर, आपदा राहत, गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता सहित अन्य सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाएगा। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि ठेकेदार समाज के विकास में केवल सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्यों के माध्यम से योगदान नहीं देता, बल्कि सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकता है। इसी उद्देश्य से आने वाले समय में सेवा गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन : बैठक में महासंघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें रविन्द्र यादव अध्यक्ष, जेपी शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, उमेश अग्रवाल एवं तेज सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, भारत गुप्ता सचिव, रवि यादव सह सचिव, अजय जैन कोषाध्यक्ष, आभास कासट सह कोषाध्यक्ष, रजनीश यादव प्रवक्ता, भारत पुरोहित सह प्रवक्ता तथा अमजद खान को कार्यकारी सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने, जिलेभर के ठेकेदारों को एक मंच पर लाने और सामूहिक हित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

नियमित बैठकें होंगी, जरूरत पर प्रशासन को सौंपेंगे ज्ञापन : महासंघ के सचिव भारत गुप्ता ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। समय-समय पर बैठकें आयोजित कर ठेकेदारों की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों एवं प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि महासंघ और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास रहेगा, ताकि विकास कार्यों में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं का समाधान संवाद के माध्यम से किया जा सके। बैठक में उमेश यादव, संदीप राय, रजनीश यादव रेहटी, भरत पुरोहित भैरुंदा, विपिन पवार, आष्टा से मेहरबान सिंह, तेज सिंह ठाकुर, सीहोर से धर्मेन्द्र राठौर, लाडकुई से विजय माहेश्वरी, हेमंत रवि यादव, हितेश यादव, अभिषेक राय, आभास कासट, अजय कुमार जैन, रविन्द्र यादव, अमजद अली, आनंद पंचारिया, जितेन्द्र यादव, कमलेश यादव, भारत गुप्ता, प्रकाश खंडेलवाल, राकेश मालवीय, चंद्र प्रकाश शर्मा, अभय मालवीय, विजय मालवीय, जय प्रकाश शर्मा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ठेकेदार मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने महासंघ को मजबूत बनाने और ठेकेदारों की जायज समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ सकारात्मक समन्वय बनाए रखने पर सहमति जताई।

---

15 और 16 सितंबर को होगा कांग्रेस का दो दिवसीय जिला स्तरीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर

सीहोर। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर द्वारा 15 एवं 16 सितंबर 2026 को यशराज गार्डन, सीहोर में दो दिवसीय जिला स्तरीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्ष सहित लगभग 160 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। श्री गुजराती ने आगे बताया कि शिविर में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी श्री हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी सहित प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित होकर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क एवं जनसंवाद, मतदाता संपर्क, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी का मानना है कि मजबूत संगठन ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और उन्हें जन-आंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति अधिक सक्षम और सक्रिय बनाया जाएगा तथा सीहोर जिले में कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

रात के सन्नाटे में घूमते दिखे नकाबपोश, कॉलोनी में मंडराया चोरी का खतरा

सीसीटीवी के आधार पर पुलिस पहचान में जुटी

सीहोर । शहर की पारस विहार फेस-2 कॉलोनी में देर रात कुछ नकाबपोश संदिग्ध लोगों के घूमने का मामला सामने आया है। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में इन लोगों की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में संदिग्ध कई गलियों से गुजरते और कुछ घरों के बाहर रुककर आसपास का जायजा लेते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज सामने आने के बाद कॉलोनी के रहवासियों में चिंता बढ़ गई है।

घरों के बाहर रुककर आसपास देखते नजर आए

सीसीटीवी फुटेज में कुछ नकाबपोश लोग रात के समय कॉलोनी में घूमते दिखाई दे रहे हैं। वे अलग-अलग घरों के बाहर कुछ देर रुकते हैं और आसपास नजर डालते हुए आगे बढ़ जाते हैं। रहवासियों को आशंका है कि संदिग्ध किसी चोरी या अन्य वारदात के लिए इलाके की रेकी कर रहे हो सकते हैं।

फिलहाल पुलिस ने यह पुष्टि नहीं की है कि ये लोग किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

फुटेज सामने आने के बाद रहवासी सतर्क :घटना की जानकारी सामने आने के बाद कॉलोनी के लोगों ने रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि देर रात संदिग्ध लोगों की आवाजाही को देखते हुए पुलिस की पेट्रोलिंग और निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसी भी घटना को समय रहते रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने और कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

थाना प्रभारी बोले- रात में गश्त जारी

कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि पुलिस की रात की गश्त लगातार जारी है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध लोगों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। मामले में जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

पुलिस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीरा सिंह को कर दिया था निलंबित

निलंबित कर्मचारी ट्रेनिंग लिस्ट में निकला, जेल में होने के बाद भी रिकॉर्ड में ड्यूटी पर दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में फर्जी मेडिकल डिग्री रैकेट के मामले में गिरफ्तार और निलंबित रेडियोग्राफर हीरा सिंह कौशल का नाम स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षण सूची में शामिल होने का मामला सामने आया है। सीएमएचओ कार्यालय से जारी सूची में हीरा सिंह को रेडियोग्राफर बताते हुए बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ दिखाया गया है, जबकि पुलिस कार्रवाई के बाद विभाग उसे निलंबित कर चुका है और वह फिलहाल जेल में है।

फर्जी डिग्री मामले में गिरफ्तार है हीरा सिंह : हीरा सिंह कौशल बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोग्राफर के पद पर पदस्थ था। उस पर फर्जी मेडिकल डिग्रियां तैयार करने और सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़े से जुड़े आरोप हैं। दमोह पुलिस की जांच में सामने आया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संजीवनी क्लीनिक में कथित फर्जी डिग्रियों के आधार पर लोगों को डॉक्टर की नौकरी दिलाने का मामला सामने आया था। जांच के दौरान एक दर्जन से ज्यादा कथित फर्जी डॉक्टरों के नाम सामने आने की बात कही जा रही है। वहीं मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हीरा सिंह के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई रिकॉर्ड नहीं मिलने की जानकारी सामने आई है।

निलंबन के बाद भी प्रशिक्षण सूची में नाम : पुलिस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीरा सिंह को निलंबित कर दिया था। इसके बावजूद सीएमएचओ कार्यालय से जारी प्रशिक्षण सूची में उसका नाम शामिल है और उसे बिलकिसगंज में पदस्थ बताया गया है। इससे विभाग के रिकॉर्ड अपडेट करने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशिक्षण सूची तैयार करते समय कर्मचारियों की वर्तमान पदस्थापना और सेवा स्थिति की जानकारी अपडेट की गई थी या नहीं, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

रिकॉर्ड में अपडेट नहीं हुई कर्मचारी की स्थिति

हीरा सिंह के निलंबन और गिरफ्तारी की जानकारी विभाग के संबंधित अधिकारियों तक पहुंची थी या नहीं, यह भी जांच का विषय है। यदि जानकारी उपलब्ध थी तो प्रशिक्षण सूची में उसका नाम और पदस्थापना क्यों दर्ज रही, इसे लेकर विभाग से जवाब की जरूरत है। बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहले भी अलग-अलग मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। ऐसे में फर्जी डिग्री मामले में गिरफ्तार कर्मचारी का नाम विभाग की प्रशिक्षण सूची में शामिल होना सामने आने के बाद अब रिकॉर्ड अपडेट और निगरानी व्यवस्था को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में जिम्मेदारी तय होती है या इसे रिकॉर्ड अपडेट की सामान्य गलती माना जाता है, यह विभाग की जांच के बाद स्पष्ट होगा।

सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

प्रथम पुण्यतिथि

नास्ति मातृसमा छाया,
नास्ति मातृसमा गति:
(माता के समान कोई छाया नहीं, माता के समान कोई आश्रय नहीं है)

स्व. दिनांक 13.09.2025

स्व. श्रीमती मुन्नी बाई गोहत की प्रथम पुण्यतिथि पर समस्त गोहत परिवार देवी स्वरूपा माताजी के महान विचारों, आदर्शों एवं कर्मों को हृदय स्मरण करते हुए उनसे आशीर्वाद व सत्यपथ पर अड़िग रहने की दृढ़संकल्प शक्ति प्राप्ति की कामना करता है।

वो हममें और हम लोगों की याद में और हम सब उनके आशीर्वाद में सदैव फलीभूत रहेंगे

या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता

श्रद्धावनत् : बद्रीप्रसाद गोहत (पति),
वीरू, प्रदीप, शैलेंद्र, सनी, रिमझिम, वंश, लड्डू, रियांश, मीत
एवं समस्त गोहत परिवार मंडी सीहोर, मो. 9826779396

खबर संक्षेप

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने स्कूलों का निरीक्षण किया

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव संजय गोयल ने इछावर विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल सेमली जदीद एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सेमली जदीद तथा सीहोर विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला जहांगीरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा विद्यालय संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। श्री गोयल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता, अनुशासन एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अधिकारियों द्वारा मैदानी क्षेत्रों में पहुंचकर शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा सकें। निरीक्षण के दौरान डीपीसी श्री रमेशराम उइके भी उपस्थित रहे।

साइबर फ्रॉड से रहें सतर्क

सीहोर। आमजन को साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने की अपील की गई है। हाल ही में बिजली कनेक्शन काटने के नाम पर ठगी का प्रयास सामने आया है। ठग ने बिजली कार्यालय का कर्मचारी बनकर फोन किया और बिल अपडेट नहीं होने की बात कहते हुए कनेक्शन काटने की धमकी दी। इसके बाद व्हाट्सऐप पर APK फाइल भेजी गई। संयोग से संबंधित व्यक्ति ने फाइल डाउनलोड या इंस्टॉल नहीं की। ऑनलाइन बिजली बिल की जांच करने पर कोई बिल बकाया नहीं पाया गया। आमजन किसी भी अनजान नंबर से प्राप्त APK फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। बिजली बिल अथवा कनेक्शन से संबंधित जानकारी के लिए केवल आधिकारिक माध्यमों का उपयोग करें।

सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिले में होंगी विभिन्न सेवा और जनभागीदारी गतिविधियां

बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया', 'सेवा चित्र', 'सेवा स्मरण', 'आंगन का मिलन', 'कहानी बदलाव की' तथा 'सेवा ज्योति यात्रा' सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीहोर जिले के प्रभारी रेशम उत्पादन आयुक्त मोहित बुंदस की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बुंदस ने संबंधित अधिकारियों को अभियान से जुड़ी सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि सेवा संकल्प अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

कलेक्टर शबालागुरू के. ने जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सेवा, स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता, हितग्राही कल्याण, युवा नवाचार एवं नागरिक दायित्व से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ योजनाओं से समाज में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी भी जनसामान्य तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया', 'सेवा चित्र', 'सेवा स्मरण', 'आंगन का मिलन', 'कहानी बदलाव की' तथा 'सेवा ज्योति यात्रा' सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 'सेवा मेरा योगदान' के तहत नागरिकों को रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, जल संरक्षण, प्लास्टिक-मुक्त जागरूकता, महिला स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नशा-मुक्ति, पोषण एवं एनीमिया जागरूकता सहित 25 प्रमुख सेवा गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' के माध्यम से विधानसभा एवं विकासखंड स्तर पर शिविर आयोजित कर पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन, आवश्यक दस्तावेज एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं को हैकाथॉन एवं इनोवेशन चैलेंज से जोड़ने तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान आयोजित करने की भी कार्ययोजना बनाई गई है।

अभियान के दौरान प्रत्येक गतिविधि की गतिविधिवार मॉनिटरिंग की जाएगी। इसमें केवल आयोजित कार्यक्रमों की संख्या ही नहीं, बल्कि गतिविधियों से प्राप्त वास्तविक परिणाम, लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, स्वयंसेवकों की सहभागिता तथा गतिविधियों के फोटो-वीडियो दस्तावेजीकरण को भी दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सेवा मेरा योगदान में 25 गतिविधियों से जुड़ेंगे नागरिक

सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत नागरिकों को स्वप्रेरणा से विभिन्न सेवा गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनमें रक्तदान, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम भ्रमण, वृक्षारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच, एक गांव गोद लेकर सेवा कार्य, योग-ध्यान, प्लास्टिक-मुक्त जागरूकता, महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, वंचित बच्चों को शिक्षा सहयोग, करियर काउंसलिंग, वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता, अंगदान संकल्प, नशा-मुक्त भारत, पोषण एवं एनीमिया जागरूकता, सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की सफाई, कचरा पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग, साइबर सुरक्षा, फिट इंडिया, वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान, दिव्यांगजन सहयोग, मतदाता जागरूकता एवं पंजीयन, वोकल फॉर लोकल तथा सरकारी योजनाओं की जागरूकता जैसी गतिविधियां शामिल हैं। सेवा गतिविधियों के दौरान किए गए कार्यों का फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण किया जाएगा तथा सोशल मीडिया के माध्यम से इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। चयनित गतिविधियों के बिफोर-आफ्टर वीडियो रील 'माई भारत' पोर्टल पर अपलोड कर नागरिकों को डिजिटल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नदी घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान और श्रमदान आयोजित किए जाएंगे तथा श्रमदान में सक्रिय सहभागिता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा।

---

18 सितंबर को मंडी में जुटेंगे किसान, लंबित मांगों को लेकर करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरुंदा। किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में गोपालपुर में आंदोलन। फाइल फोटो

किसानों की लंबे समय से लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में 18 सितंबर को गोपालपुर कृषि उपज मंडी में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में मंडी पहुंचने की अपील की है। आंदोलन के बाद किसानों की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की जाएगी।

किसान स्वराज संगठन के अनुसार किसानों की कई समस्याओं को लेकर पूर्व में भी शासन-प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अपेक्षित समाधान नहीं होने से अब किसानों ने आंदोलन का निर्णय लिया है। संगठन का कहना है कि किसानों से जुड़े फसल बीमा, सिंचाई, नर्मदा का पानी और राजस्व संबंधी मामलों का सीधा असर खेती और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। आंदोलन में वर्ष 2025-26 की सोयाबीन फसल के बीमा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। संगठन के अनुसार हल्का नंबर 19 के कुछ किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिला है।

किसानों की मांग है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि पात्र किसानों को बीमा राशि क्यों नहीं मिली। जांच में किसी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की जाएगी। इसके अलावा नर्मदा सिंचाई उद्वहन परियोजना के तहत छिपानेर-गोपालपुर-चौरसाखेड़ी क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जांच की मांग भी की जाएगी।

किसानों का कहना है कि परियोजना का उद्देश्य खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाना है, इसलिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उसकी उपयोगिता की निगरानी जरूरी है। किसी प्रकार की अनियमितता मिलने पर जिम्मेदारी तय करने की मांग होगी। किसानों की एक अन्य प्रमुख मांग पाइप लाइन के माध्यम से नर्मदा का पानी डेम तक पहुंचाने की है। संगठन का कहना है कि पर्याप्त सिंचाई पानी मिलने से किसानों को खेती में राहत मिलेगी और मूंग सहित अन्य फसलों की सिंचाई का क्षेत्र बढ़ाया जा सकेगा। इटावा क्षेत्र के हल्का नंबर 18 के पटवारी से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच की मांग भी ज्ञापन में शामिल रहेगी।

संगठन ने पटवारी पर लगाए गए कथित अभद्रता के आरोपों की जांच कर आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। साथ ही किसानों के राजस्व मामलों में समय पर सुनवाई और समाधान की मांग रखी जाएगी। संगठन के अनुसार 18 सितंबर का आंदोलन किसी एक समस्या तक सीमित नहीं रहेगा। किसानों से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को एक साथ प्रशासन के सामने रखा जाएगा। धरने के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर ठोस कार्रवाई की मांग की जाएगी।

सुपोषण सप्ताह में बच्चों को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

भैरुंदा। सिद्धपुर सेवा भारती समिति सीहोर के नगर भैरूंदा में सुपोषण सप्ताह के तहत देवी अहिल्याबाई संस्कार केंद्र, महाकाल बस्ती और रानी दुर्गावती संस्कार केंद्र, माधव बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बच्चों को पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हेमवती धुर्वे ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताते हुए हाथ धोने की सही विधि समझाई। उन्होंने भोजन से पहले और बाद में हाथ धोने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा प्रजापति ने खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से संतुलित और पौष्टिक भोजन की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न फलों और पौष्टिक खाद्य पदार्थों के महत्व को समझाते हुए नियमित पौष्टिक आहार लेने का संदेश दिया। नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, संस्कारों के साथ आगे बढ़ने और आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी ने कहा कि संस्कार केंद्रों के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता और अच्छे संस्कार विकसित करना सेवा भारती का महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, नगर उपाध्यक्ष राधिका जैमिनी, डॉ पूजा प्रजापति, हेमवती धुर्वे, पायल खरे, बबली शर्मा सहित बच्चों के पालक उपस्थित रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए "पौष्टिक आहार अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं" का संदेश दिया।

अनोखीलाल मालवीय बने भोपाल लोकसभा प्रभारी, संजीव बौद्ध को विदिशा की जिम्मेदारी सौंपी गई

सीहोर। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए अनोखीलाल मालवीय को भोपाल लोकसभा प्रभारी तथा संजीव बौद्ध को विदिशा लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी नेतृत्व ने दोनों पदाधिकारियों की संगठन के प्रति निष्ठा, मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि अनोखीलाल मालवीय एवं संजीव बौद्ध अपने अनुभव और कुशल नेतृत्व के माध्यम से संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। लोकसभा प्रभारी के रूप में दोनों नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संगठित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा बहुजन समाज के अधिकारों एवं सम्मान की आवाज को मजबूती से उठाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त लोकसभा प्रभारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं कीं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से हरिओम बौद्ध, धनराज सिंह थरेले, इंजी. कमलेश जांगड़े सहित बहुजन समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

आबकारी विभाग की शाहगंज में बिना-प्लानिंग दबिश, एक दुकान पर खपाए आधे घंटे, बाकी को लगी भनक तो दुकानों में डल गए ताले

महज 16 क्वार्टर जब्त कर इतिश्री, पुलिस बोली, स्थान चिन्हित हैं, जल्द होगी बड़ी कार्रवाई, आबकारी अधिकारी नहीं दे रहे जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पावन नर्मदा तट पर बसे शाहगंज क्षेत्र में बेखौफ बिक रही अवैध और संदेहास्पद सस्ती शराब के मामले में हरिभूमि के स्टिंग ऑपरेशन के बाद हडक़ंप मच गया है। हालांकि इस खुलासे के बाद जागी जिला आबकारी विभाग की टीम की सुस्त और बिना किसी ठोस प्लानिंग की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिला मुख्यालय से पहुंचे आबकारी विभाग के दो-तीन कर्मचारियों ने शाहगंज में छापेमारी के नाम पर महज औपचारिकता निभाई।

टीम ने पूरे शाहगंज में केवल बस स्टैंड स्थित एक दुकान पर अपनी पूरी ऊर्जा लगाई और करीब आधा घंटा वहीं खपा दिया। नतीजे के तौर पर वहां से महज 16 क्वार्टर शराब जब्त कर इतिश्री कर ली गई। जबकि नगर में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री होती है। लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग ने बिना किसी प्लानिंग के यह कार्रवाई की है।

छापे की भनक लगते ही बंद हुईं दुकानें :आबकारी अमले की इस बिना किसी रणनीति की गई ढीली कार्रवाई का असर यह हुआ कि पूरे शाहगंज के अवैध शराब कारोबारियों को दबिश की भनक लग गई। जब तक आबकारी की टीम अन्य चिन्हित अड्डों तक पहुंचती, उससे पहले ही अवैध शराब का धंधा चलाने वाले अपनी-अपनी दुकानों में ताले लगाकर रफूचक्कर हो चुके थे।

दावा, जल्द होगी बड़ी कार्रवाई

हालांकि पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शाहगंज बस स्टैंड सहित विभिन्न इलाकों में अवैध शराब विक्रय के प्रमुख स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। चिन्हित ठिकानों पर जल्द ही बड़ी और ठोस कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे ढीले रवैये और बिना प्लानिंग कार्रवाई के संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर से उनका पक्ष जानने के लिए मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। आबकारी अधिकारी से यदि कोई शिकायत करना चाहे तो फोन रिसीव नहीं करते हैं। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह अवैध शराब की बिक्री पर लगाम नहीं लग रही है।

श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज में छह दिवसीय अटल एफडीपी का सफल समापन

सीहोर। श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन द्वारा आयोजित छह दिवसीय अटल एफडीपी का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। एफडीपी का विषय इमर्जिंग ट्रेंड्स इन मैनेजमेंट एंड इनोवेशन प्रैक्टिसेज रहा। छह दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने शिक्षकों एवं प्रतिभागियों को आधुनिक प्रबंधन नवाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी विकास वित्तीय सेवाओं एवं उद्योग जगत से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

एफडीपी के प्रथम दिवस पर प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र मेहता डायरेक्टर एवं डीन एफएमएस पंडित जेएनआईबीएम सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन ने नवाचार के मापदंड एवं प्रदर्शन तथा सतत एवं सामाजिक नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

द्वितीय दिवस पर प्रोफेसर डॉ. राजेश शर्मा डीन एवं प्रोफेसर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ने प्रबंधन के समकालीन विषयों पर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। तृतीय दिवस पर निशांत अग्रवाल प्रोजेक्ट मैनेजर एवं एआई विशेषज्ञ ब्रेनेटिक इंफोटेक इंदौर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं तकनीकी नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस पर प्रोफेसर डॉ. दीपा बख्शी प्रोफेसर एवं डायरेक्टर भाभा इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट एमसीए भोपाल ने प्रबंधन एवं नवाचार के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए।

पंचम दिवस के प्रथम सत्र में एफडीपी के अंतर्गत प्रतिभागियों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने आईटीसी चौपाल सागर का भ्रमण किया और वहां की कार्यप्रणाली प्रबंधन व्यवस्था एवं उद्योग जगत की व्यावहारिक गतिविधियों को नजदीक से समझा। औद्योगिक भ्रमण प्रतिभागियों के लिए बेहद उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। द्वितीय सत्र में नितेश अग्रवाल चैनल मैनेजर श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने वित्तीय क्षेत्र एवं प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों के साथ साझा कीं।

षष्ठम दिवस पर भागीरथ प्रसाद रजक टेरिटरी मैनेजर आईआरआईएस ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड भोपाल ने उद्योग जगत की कार्यप्रणाली एवं प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन अवसर पर सह समन्वयक अभिषेक कुरोलिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सभी अतिथियों विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए छह दिवसीय अटल एफडीपी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

डीन एकेडमिक डॉ. निलेश दिवाकर ने अटल एफडीपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को बदलते तकनीकी एवं प्रबंधन परिवेश के अनुरूप अपने ज्ञान एवं कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

आरोप-टूटे पुल की घटिया मरम्मत की जा रही थी, फिर गिर गया पुल

नाले पर बने पुल के टूटने से नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नाले पर बना पुल टूटने से क्षेत्र के 6 हजार नागरिक हैरान परेशान है। यह पुल दीवानबाग और जमशेद नगर को जोड़ता है। पुल नगर पालिका अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 31 कस्बा क्षेत्र में आता है। क्षेत्र के कांग्रेस नेता नायाब सर ने इस जनहितेशी मुद्दे को उठाया है।

नागरिकों का कहना है कि यह पुल एक बार नहीं दो बार टूट गया है। टूटे पुल की मरम्मत करने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे थे लेकिन घटिया स्तर की सामग्री से निर्माण के कारण पुल फिर गिर गया है। कांग्रेस नेता नायाब सर ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता की समस्या के निराकरण के प्रति लापरवाही पूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं जिसका खामियाजा जमशेद नगर, फिरदौस नगर, दीवान बाग सहित अन्य मोहल्ले के लगभग 6 हजार नागरिक को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता नायाब सर ने बताया कि नागरिकों को तहसील चौराहा, भोपाली फाटक, कस्बा सराय, दूल्हा बादशाह कॉलोनी, शकर फैक्ट्री चौराहा सहित जिला अस्पताल गल्ला मंडी बस स्टैंड जाने के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मजदूर और व्यापारी कर्मचारी वर्ग को काम धंधे और दुकान पर जाने में देरी हो रही है। जमशेद नगर और दीवान बाग में सरकारी और निजी स्कूल भी संचालित होते हैं कल टूटने के चलते स्कूल आने-जाने में छात्र-छात्राओं को भी दिक्कत हो रही है। जमशेद नगर और फिरदौस नगर को यहां छोटा पुल जोड़ता था आवागमन काफी आसान होता था लेकिन बीते दिनों से यह पुल एक तरफ से टूट गया है काफी जर्जर भी हो गया है जिससे यह पूरा पुल कभी भी नाले के पानी में समा सकता है।

क्षेत्र के साजिद अली, आसिफ पठान मशहूर मियां सलीम खान नईम, कलीम, अनवर, तौफीक, नफीस, वसीम, अहमद, नायाब सर सहित अन्य नागरिकों ने नगर पालिका परिषद से नाले पर नया पुल बनाने और दोनों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगाने पुल टूटने से नाले में गिरे मलबे और कूड़े कचरे को उठाने की मांग की है।

ब्यावरा विकासखंड के लखनवास में संचालित स्कूल की मान्यता 8 वीं तक, कक्षाएं 12वीं तक

नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहा निजी स्कूल, बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

शिक्षा के मंदिर में भविष्य और कानून दोनों के साथ खिलवाड़ करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। लखनवास संचालित अषासकीय विद्यालय ज्ञान ज्योति स्कूल में न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं बल्कि बच्चों की पढ़ाई के साथ भी मजाक किया जा रहा है। आखिर राजगढ़ जिले में किसी मेहरबानी से नियमों को ताक पर रखकर चल रहा ह। कागजों में यह विद्यालय सिर्फ कक्षा 8 वीं तक ही मान्यता प्राप्त है लेकिन बेझिझक कक्षा 12 वीं तक के छात्रों को प्रवेश देकर उनकी पढ़ाई कराई जा रही है।मामला तब उजागर हुआ। जब गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे स्कूल परिसर के बाहर तीन-चार बच्चे सड़कों पर घूमते दिखाई दिए। जब उनसे बाहर घूमने का कारण पूछा गया तो उन्होंने जो खुलासा किया वह चैंकाने वाला था।

थोड़ी मस्ती की थी, इसलिए सर ने भगा दिया

सड़क पर घूम रहे छात्रों ने बताया कि वे सभी ज्ञान ज्योति स्कूल के ही विद्यार्थी हैं जिनमें से एक छात्र 11वीं कक्षा का और दो छात्र 12वीं कक्षा के हैं। बच्चों का कहना था कि कल उनसे थोड़ी मस्ती हो गई थी जिसकी सजा देते हुए आज स्कूल के सर ने उन्हें कक्षा में बैठने ही नहीं दिया और स्कूल से बाहर भगा दिया। जब स्कूल की मान्यता ही 12वीं तक नहीं है, तो इस विद्यालय में बड़ी कक्षा के विद्यार्थी कैसे अध्ययन कर रहे है। यह सब चलने के बाद भी शिक्षा विभाग अनजान बना हुआ। स्कूल चेकिंग के लिए जाने वाले बीआरसी के अधिकारी और कर्मचारियों को क्या यह सच में पता नहीं कि विद्यालय 12 वीं तक संचालित हो रहा है।

इनका कहना है...

मेरी जहां तक मान्यता है, मैं वहीं तक स्कूल चलाता हूं, बाकी एक सर हाल में कोचिंग पढ़ाते है। मेरे पास 12वीं तक के कोई छात्र नहीं है।

रवि गिरी गोस्वामी
संचालक ज्ञान ज्योति स्कूल लखनवास।

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, जल्द ही विद्यालय की जांच करवाई जाएगी और अगर उसमें यह सब होता पाया गया तो संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई होगी।

दिलीप शर्मा
ब्लाक शिक्षा अधिकारी विकासखंड ब्यावरा।

सवालों के घेरे में ज्ञान ज्योति स्कूल प्रबंधन

सुरक्षा का जिम्मेदार कौन? अगर दोपहर के वक्त स्कूल से बाहर निकाले गए बच्चों के साथ कोई अनहोनी या दुर्घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता? क्या किसी छात्र को अनुशासन के नाम पर स्कूल परिसर से बाहर सड़क पर आवारा घूमने के लिए छोड़ देना जायज है? गैर-कानूनी कक्षाएं क्यों? जब स्कूल की मान्यता केवल कक्षा 8 वीं तक है तो 11 वीं और 12 वीं के छात्रों का दाखिला किस आधार पर लिया गया? क्या यह बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ सीधा धोखा नहीं है? शिक्षा विभाग की ढिलाई के कारण ऐसे निजी स्कूल न सिर्फ कानून को ताक पर रख रहे हैं बल्कि बच्चों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहे हैं। अनुशासन सिखाने के नाम पर बच्चों को सड़क पर धकेल देना और बिना मान्यता के उच्च माध्यमिक कक्षाएं चलाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी ज्ञान ज्योति स्कूल पर क्या सख्त कार्रवाई करते हैं या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

ज्ञापन न लेने के चलते उपजा विवाद

नगरीय प्रशासन आयुक्त और जनप्रतिनिधियों में हुई नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के तहत नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे शुकवार को राजगढ़ पहुंचे थे। कलेक्टोरेट सभागर में निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों के साथ हुई उनकी बैठक उपरान्त आयुक्त भोंडवे सर्किट आयुक्त पहुंचे। सर्किट हाउस में नगर कांग्रेस पदाधिकारी सहित अन्य भाजपाजन अपनी समस्याओं एवं ज्ञापन के संदर्भ में उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। जब इंका नगर अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय सहित अन्य इंकाइयों ने उन्हें ज्ञापन देना चाहा तो आयुक्त ने सहजता से ज्ञापन स्वीकार नहीं किया और वे ज्ञापन लेने में ना-नुकर करने लगे। इसके साथ ही बगैर ज्ञापन लिए ही अपने वाहन में बैठकर जाने लगे। ऐसे में इंकाजन सहित अन्य भड़क उठे। सभी का कहना था कि नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर यदि उच्चाधिकारियों को अवगत नहीं कराएंगे तो फिर किसे संज्ञान में डाला जाए। कुछ समय हुई हल्की नोंक-झोंक उपरान्त आयुक्त श्री भोंडवे ने अंततः ज्ञापन स्वीकार करते हुए मांगों के निराकरण आ आश्वासन दिया।

आयुक्त से यह रखी मांगे

आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में नगर की बंद स्ट्रीट लाईटों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथ ही टेचिंग ग्राउण्ड में बाउन्ड्रीवाल बनवाने की मांग के साथ ही वार्ड-14 में सड़क निर्माण न होने के बावजूद राशि आहरण की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी गई। नगर इंकाध्यक्ष नयन विजयर्गीय ने बताया कि स्ट्रीट लाईट मद में लाखों रुपए खर्च के बावजूद जमीन पर काम नजर नहीं आ रहा है। नगर के अनेक क्षेत्रों की स्ट्रीट लाईटें बंद पड़ी हुई हैं। सर्किट हाउस में भाजपाइयों और एक इंजीनियर के बीच भी अनबन की बात सामने आई है।

शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के संदर्भ में दिग्विजय दिवस का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक भुवनेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह पवार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद द्वारा भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और मानवता का संदेश पूरी दुनिया के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। उनके ऐतिहासिक संबोधन ने विश्व पटल पर भारत की पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की।इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथपाल पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार , दिनेश कुमार दांगी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों और उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना चुटेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कपिल वैष्णव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नरसिंहगढ़ के बच्चे हुए शामिल

नरसिंहगढ़। संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नरसिंहगढ़ के बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूली और संभागीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की जमीनी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। प्रतियोगिता में सिया दांगी, दिव्या नागर,मयंक सेन शामिल हुए । यह प्रतियोगिता दिनांक 11 एवं 12 सितंबर को भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित की गई। स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य सुनील दांगी, खेल प्रशिक्षक विक्रम लववंशी, संगठन सचिव राधेश्याम भिलाला, प्रकाश सिंह तोमर, राहुल जौनपुरिया, पंकज लववंशी।

कपिलेश्वर महादेव मंदिर पर लगा भक्तों का तांता, लगाई आस्था की डुबकी

सारंगपुर। भादों मास की अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को नगर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। अमावस्या के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु कालीसिंध नदी के तट पर पहुंचे और नदी में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने कपिलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित संकट मोचन हनुमान जी तथा नवग्रह शनि देव के भी दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह के समय नदी तट और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी चहल-पहल रही।

मांगें नहीं मानी तो 29-30 को फिर हड़ताल

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंकों में हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/सारंगपुर

जिले में बैंक कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को हड़ताल पर रहने के कारण कामकाज प्रभावित रहा है। बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया बैंक यूनियन यूनाइटेड फोरम के आह्वान पर जिले की सभी बैंकों में हड़ताल रही। हड़ताल के चलते ग्राहकों को विभिन्न कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि अन्य शासकीय कार्यालयों की तरह बैंकों में भी सप्ताह में केवल पांच दिन कार्य दिवस निर्धारित किए जाएं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने कामकाज बंद रखकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।हड़ताल के चलते बैंकों में नगदी जमा एवं निकासी, आरटीजीएस, चेक संबंधी कार्य, लोन की किस्त जमा करने सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। कई ग्राहक बैंक पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा।भारतीय स्टेट बैंक में भी कर्मचारियों ने हड़ताल में सहभागिता की। इस दौरान मुख्य प्रबंधक संजय विजयवर्गीय, सहायक प्रबंधक विजेंद्र सिंह, उप प्रबंधक अभिषेक शर्मा, धर्मेंद्र मीणा, सायमा बानो सहित अन्य बैंककर्मी हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 29 और 30 सितंबर को भी लगातार हड़ताल की जाएगी। इससे आगामी दिनों में बैंकिंग सेवाओं पर और अधिक असर पड़ने की संभावना है।

उद्योगों को नियम पालन करने निर्देश

स्थानीय लोगों को अधिक रोजगार दें उद्योग गलतफहमी में न रहें: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

समीपस्थ औद्योगिक ग्राम पीलूखेड़ी स्थित कोका-कोला प्राइवेट लिमिटेड परिसर में शुक्रवार को उद्योग विभाग की बैठक मैं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई।

बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, विधायक मोहन शर्मा, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं क्षेत्र में संचालित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में संभागीय कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को शासन के निर्धारित नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा सहित श्रमिकों से जुड़े सभी नियमों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने भी उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक संस्थानों में शासन के नियमों का पालन प्रभावी रूप से कराया जाए।

इस दौरान विधायक मोहन शर्मा ने स्थानीय लोगों को रोजगार दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उद्योग संचालकों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि क्षेत्र में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को अपेक्षित रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी उद्योग इस गलतफहमी में न रहे कि स्थानीय लोगों को रोजगार देना जरूरी नहीं है। उद्योगों में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी मजदूर के साथ दुर्घटना होने पर उसे और उसके परिवार को नियमानुसार हरसंभव सहायता मिलनी चाहिए। सभी श्रमिकों को शासन के नियमों के अनुसार वेतन एवं अन्य सुविधाएं मिलें तथा उनके भविष्य की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। औद्योगिक संस्थानों को श्रमिक हितों को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए।

पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह व कल्याणक महोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा /मंदसौर

जैन श्वेताम्बर समाज के पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के पांचवें दिन 12 सितम्बर को भगवान महावीर का जन्म वाचन समारोह व कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। धानमंडी स्थित जयानंद भवन में आयोजित समाज के सेकंडों महिला पुरुषों कि उपस्थिति में यह समारोह मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर के जन्म के समय उनकी माता त्रिशला माता को आए 14 स्वप्नों कि बोलियां लगाई गई, साथ ही भगवान के पालने ,केशर के छापे लगाने, भगवान के जन्म के बाद उनको पालने में सबसे पहले झुला झुलाने, भगवान कि पहली आरती सहित कई बोलियां लगाई गई,पालना जी की बोली विजय कुमार विशाल कुमार चोरड़िया ने ली व लक्ष्मी जी के सपने की बोली विमल नाहर परिवार ने ली। श्रावक नितीन नाहर ने कल्प सूत्र के वाचन में भगवान महावीर के जन्म का वाचन किया।

वाचन के बाद भगवान महावीर के पालने व 14 स्वप्नों का भव्य जुलूस जयानंद भवन से निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ विजय कुमार विशाल कुमार चोरड़िया के निवास स्थान पर पहुंचा जहां भगवान महावीर के पालने को विधी विधान से प्रतिष्ठित किया व आरती के बाद प्रभावना का वितरण हुआ। साथ ही भगवान के जन्म के बाद प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभावना राकेश चोरड़िया,राजेश चोरड़िया व रजनीश चोरड़िया परिवार कि ओर से की गई जन्म वाचन के बाद सभी ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी व सभी को केशर के छापे विशाल ,गोतम नाहर,बन्टी गांग,अपुर्व गांग व श्रषभ बाफना ने लगाए जन्म वाचन के समय श्री संघ पर गुलाबजल का छिड़काव जिन शासन सेवक मण्डल के बालक बालिकाओं ने किया। भगवान के मुनीम बनने की बोली का लाभ अक्षय चोरड़िया ने लिया। पालने का जुलूस गाजे बाजे ढोल ढमाको के साथ भगवान महावीर के जय कारों के साथ निकाला गया आभार श्री संघ अध्यक्ष अशोक गोखरू ने माना।

ब्याज समेत 85 लाख रुपए देने होंगे, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का फैसला

70 लाख के चेक बाउंस मामले में सजा, राशि देने के भी आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

70 लाख रुपए के चेक बाउन्स मामले में राजगढ़ प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्टेट ने आरोपी को 06 माह के कारावास के साथ ही 85 लाख 99 हजार रुपए प्रतिकर राशि अदा करने का आदेश पारित किया है।

न्यायालय ने साक्ष्यों एवं प्रकरण में प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर आरोपी का बचाव स्वीकर न करते हुए चेक को देयता निवर्हन के लिए जारी किया जाना प्रमाणित माना और दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई है। फरियादी के अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि बृजमोहन मीणा निवासी ग्राम कांकरिया तहसील सारंगपुर ने श्याम मंडलोई निवासी शिवधाम कॉलोनी राजगढ़ से 70 लाख रुपए लिए थे। इसके एवज में अभियुक्त बृजमोहन ने श्याम मंडलोई को 70 लाख रुपए का चेक दिया था। कईं बार तकादा करने के बाद भी जब अभियुक्त बृजमोहन ने परिवादी श्याम को यह राशि वापस नहीं की। ऐसे मे परिवादी ने 70 लाख रुपए का यह चेक भुगतान हेतु बैंक में जमा किया लेकिन चेक अनादरित(बाउन्स) हो गया। चेक बाउन्स होने पर परिवादी मंडलोई ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दाखिल किया। करीब 3 साल तक न्यायालय में प्रकरण चला। अंततः तमाम सबूतों, तथ्यों के आधार पर प्रथम श्रैणी न्यायिक मजिस्टेट श्री वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने अभियुक्त बृजमोहन को दोषी ठहराते हुए धारा 138 के तहत 6 माह के कठोर कारावास से दंडित किया है।

नो प्रतिशत ब्याज के साथ देनी होगी राशि

न्यायालय ने अभियुक्त को कुल 85 लाख 99 हजार 137 रुपए प्रतिकर राशि परिवादी को अदा करने के आदेश दिए हैं। उक्त राशि में 70 लाख रुपए की चेक राशि के साथ ही 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज राशि शामिल है। यह ब्याज राशि कुल 14 लाख 48 हजार 137 रुपए हुई।

प्रतिकर जमा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारवास

न्यायालय ने यहां यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त उक्त प्रतिकर राशि अदा नहीं करेगा तो उसे एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भी भुगतना होगा।

बाइक ने मवेशी को मारी टक्कर, पड़िया की मौके पर ही मौत

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज के सामने एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल की टक्कर से तीन वर्षीय पड़िया (भैंस के बच्चे) की दर्दनाक मौत हो गई। फरियादी प्रेमनारायण गुर्जर निवासी बमोरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 9 बजे वे मवेशियों को चराकर घर लौट रहे थे। तभी बमोरी की तरफ से आई तेज रफ्तार बाइक एमपी 08-8234 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पडिय़ा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पड़िय़ा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि चालक बाइक छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लिटिल आइंस्टीन स्कूल में चाइल्ड प्रोग्रेस फेयर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

नगर की शिक्षण संस्था लिटिल आइंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल में कॉफी विथ टीचर्स कार्यक्रम के अंतर्गत चाइल्ड प्रोग्रेस फेयर का आयोजन किया गया। आयोजन में प्राचार्य वासुदेव शर्मा के साथ शिक्षकों और पालकों के बीच बच्चों की शिक्षा, प्रगति और उज्जवल भविष्य को लेकर विस्तृत और महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान पालकों ने बच्चों से जुड़ी समस्याओं और उनकी प्रतिभा को लेकर शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं, स्कूल स्टाफ, बड़ी संख्या में पालकगण, शिक्षकगण एवं प्राचार्य वासुदेव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नन्हें विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट भी वितरित किए गए। यह जानकारी प्राचार्य वासुदेव शर्मा ने देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

19 को लगेगा निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर

आष्टा। महिलाओं में तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारियों की रोकथाम और उनके समय रहते बचाव के लिए केयर अस्पताल, आष्टा की संचालिका डॉ. अर्चना सोनी द्वारा निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर इनर व्हील क्लब एवं अल्फ़ा पैथोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान तथा श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। 19 सितंबर को महिलाओं के लिए एक विशेष निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 तक गायत्री मंदिर बस स्टैंड के पास किया जा रहा है। डॉ राहत अली ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं परीक्षण दिया जाएगा, जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, बच्चेदानी के मुँह का कैंसर, स्तन कैंसर, हड्डी एवं जोड़ों के विशेषज्ञ तथा मुख रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ देंगे। आगे उन्होंने बताया कि शिविर में मैमोग्राफी (स्तन कैंसर की जाँच), सर्वाइकल कैंसर की जाँच, बायोप्सी, पैप स्मीयर-कॉल्पोस्कोपी, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और शुगर की जाँच बिल्कुल निःशुल्क की जाएगी। केयर अस्पताल, आष्टा की संचालिका डॉ. अर्चना सोनी, इनर व्हील क्लब अध्यक्ष सुनीता सोनी, अल्फ़ा पैथोलॉजी आष्टा संचालक डॉक्टर राहत अली ने क्षेत्र की समस्त माताओं और बहनों से अपील की है कि वे शिविर का लाभ उठाएं और समय रहते अपनी स्वास्थ्य जाँच करवाकर सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के किसानों से की चर्चा

फसल पर संकटः किसान कांग्रेस ने सरकार से मांगा तत्काल सर्वे और उचित मुआवजा

प्रदेश अध्यक्ष ने खेतों में पहुंचकर देखी सोयाबीन फसल की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर से आने वाली आष्टा विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर किसानों की फसलों को लेकर चिंता सामने आई है। कई क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक रोग और अन्य फसल खराबे की शिकायतों के बीच किसान कांग्रेस ने शासन-प्रशासन से समय रहते खेतों का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा और बीमा राशि दिलाने की मांग उठाई है। इसी मुद्दे को लेकर किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आष्टा आगमन पर शुजालपुर बाईपास चौपाटी पर कांग्रेस परिवार एवं किसानों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों से मुलाकात की और प्रभावित खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की फसल यदि प्राकृतिक आपदा, रोग अथवा अन्य कारणों से खराब हो रही है तो भाजपा सरकार को कागजी कार्रवाई में समय गंवाने के बजाय तत्काल सर्वे कराना चाहिए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर उचित मुआवजा और फसल बीमा का लाभ मिल सके। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में किसानों को पिछले साल का बीमा आज तक नहीं मिला, अब फिर किसानो को वही चिंता? किसानों की मौजूदा परेशानी के बीच पिछले वर्ष फसल बीमा को लेकर किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिलने के मुद्दे भी चर्चा में रहे थे। ऐसे में इस वर्ष सोयाबीन की फसल खराब होने की खबरों ने किसानों की चिंता और बढ़ा और अधिक बड़ा दी है। कांग्रेस नेताओं और किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही इस दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के साथ किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेश परमार, मुकेश प्रजापति किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सिद्धिकगंज, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर मेमदाखेड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आष्टा ग्रामीण महेश मुदीखेड़ी, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव चेतन सिंह ठाकुर सेमली, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष महेश चौधरी पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह मेवाडा रमेश मेवाडा, कमल सिंह मालवीय, पुष्पराज जादोन, रिंकू नामदेव, डॉ गीतम सिंह ठाकुर, फैज उद्दीन भाई, मोर सिंह ठाकुर,अमजद खान, बनप सिंह पटेल, तेज सिंह जावारिया, शिवनारायण वर्मा, राकेश जावरिया, गुड्डू वर्मा, पूरण सिंह मालवीय, आदि सैकड़ों किसान साथी एवं कांग्रेस परिवार जन सहित बड़ी संख्या उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के बाद वरिष्ट कांग्रेस नेता बनप सिंह पटेल द्वारा किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के सम्मान में स्नेह भोज का आयोजन किया जिसमे बड़ी संख्या में किसान साथी एवं कांग्रेस परिवार जन उपस्थित रहे।

मां-बेटे ने लेह-लद्दाख तक का सफर बाइक से किया तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के लिए यह गर्व का क्षण है। आष्टा निवासी यश चंद्रवंशी और उनकी माँ कविता चंद्रवंशी ने अपने जुनून, हौसले और आपसी विश्वास की अनोखी मिसाल पेश करते हुए लेह-लद्दाख तक का लगभग 5,000 किलोमीटर का सफर तय किया। माँ-बेटे ने इस रोमांचक यात्रा की शुरुआत 30 अगस्त को आष्टा से की और 10 सितंबर को वापस घर लौटे। इस दौरान उन्होंने न केवल लंबी दूरी की चुनौतीपूर्ण मोटरसाइकिल यात्रा पूरी की, बल्कि लेह पहुंचने के बाद लद्दाख के कई विश्व प्रसिद्ध और दुर्गम स्थलों की भी सैर की। लेह में आयोजित तीन दिवसीय रोमांचक कार्यक्रम 4 सितंबर से शुरू हुआ और लगभग 12,000 फीट की ऊंचाई पर आयोजित किया गया।

लद्दाख की यात्रा हर साल हजारों लोग करते हैं, लेकिन आष्टा जैसे छोटे शहर से एक माँ और बेटा, वह भी मोटरसाइकिल पर सवार होकर लेह-लद्दाख तक पहुंचें और लगभग 5,000 किलोमीटर का सफर पूरा करें, यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। यश चंद्रवंशी और कविता चंद्रवंशी ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में तो आष्टा का नाम रोशन किया ही है, लेकिन अब अपनी हॉबी, जुनून और साहसिक सफर के जरिए भी नगर को गौरवान्वित कर रहे हैं।

उनकी यह यात्रा केवल बाइक राइड नहीं, बल्कि यह संदेश भी देती है कि उम्र, परिस्थितियां या दूरी किसी सपने को पूरा करने की राह में बाधा नहीं बन सकती, अगर साथ हो हौसला और जुनून। यश चंद्रवंशी और कविता चंद्रवंशी की यह साहसिक यात्रा आष्टा नगर के युवाओं और परिवारों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। माँ-बेटे ने साबित किया कि सपने देखने की कोई उम्र नहीं होती और उन्हें पूरा करने के लिए सिर्फ मजबूत इरादों की जरूरत होती है।

सीहोर के सेवानिया परिहार पहुंचे प्रमुख सचिव, दिए निर्देश

सीहोर। मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव वन राघवेंद्र सिंह ने वन मंडल के अंतर्गत आने वाले वीरपुर रेंज स्थित वनग्राम सेवानिया परिहार का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने लंबित पड़े शेष दावों को जिला स्तरीय समिति के माध्यम से जल्द से जल्द स्वीकृत करने के निर्देश दिए। मूलभूत सुविधाओं में सुधारः पेयजल, बिजली, सड़क, नेटवर्क हेतु मोबाइल टावर और सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े मामलों का संज्ञान लेते हुए डीएफओ को कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान कराने को कहा। अंत में प्रमुख सचिव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का हल समयसीमा में होगा। इसके बाद उन्होंने वीरपुर रेंज के पौधरोपण स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को पौधों की शत-प्रतिशत सुरक्षा और वृक्ष-विहीन पहाड़ियों पर पौधारोपण पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

गणेश उत्सव की तैयारियांः मूर्तिकार दे रहे अंतिम रूप, सोमवार से शुरू होगा 10 दिवसीय पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में 14 सितंबर से गणेश उत्सव शुरू हो जाएगा,गणेश उत्सव को लेकर समितिया और स्थानीय मूर्तिकार जोर शोर से तैयारी में जुटे है एक तरफ जहाँ समितियां पंडालो में विशेष साज सज्जा की तैयारी कर रही है तो दूसरी और मूर्तिकार भी भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं बना रहे हैं।

सोमवार को गणेश चतुर्थी पर शहर और ग्रामीण इलाकों के पंडालों में गणेश जी विराजमान होंगे। इस बार मूर्तिकारों ने पहली बार बड़ी प्रतिमाएं बनाई हैं, जिन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है।

गणेश चतुर्थी पर्व सोमवार से शुरू होगा। इससे पहले शहर के भोपाल नाका, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, खत्री मार्केट, बड़ा बाजार और अलीपुर सहित कई इलाकों में प्रतिमाएं पहुंच चुकी हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की समितियों के पदाधिकारी प्रतिमाएं लेने पहुंच रहे हैं। सोमवार से 10 दिवसीय गणेश उत्सव पर्व शुरू हो जाएगा।

अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने बताया भाद्रपद माह की अमावस्या यानी पिठोरी अमावस्या का सनातन धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है यह तिथि जहां एक ओर माताओं द्वारा अपनी संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखे जाने वाले व्रत के लिए जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर यह पितरों के तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य के लिए भी अत्यंत फलदायी मानी गई है। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया पिठोरी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव बड़ला पहुंचे आए दिन तपोभूमि देव बड़ला की महत्वता बढ़ती जा रही है इस बार पिठोरी अमावस्या पर हजारों की संख्याओं में श्रद्धालुओं ने नेवज नदी के पवित्र जल से स्नान कर बाबा विलवैश्वर महादेव का जल अभिषेक किया पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की यूं तो पहले से ही यहां स्थान आस्था का बड़ा केंद्र है सदियों से यहां पर पांडा पडियार लोग एवं धर्म प्रेमी बंधु स्नान दान करने आते रहते हैं लेकिन पुरातत्व विभाग द्वारा किए गए कार्य से इस स्थान का महत्व और भी बढ़ गया है अब यहां पर पहले से बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु आते हैं श्रद्धा आस्था पवित्रता और प्रकृति का अद्भुत संगम यहां पर देखने को मिलता है।

अवैध राशि की मांग के आरोप में पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

खबर का असर

तहसील श्यामपुर के ग्राम पथरिया तत्कालीन हल्का गढ़ीबगराज एवं वर्तमान में सीलखेडा में पदस्थ पटवारी जितेन्द्र कुमार शर्मा को अवैध राशि की मांग संबंधी शिकायत के मामले में एसडीएम तन्मय वर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। पटवारी द्वारा राशि मांगने को लेकर 11 सितंबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर प्रसाशन को संज्ञान में दिलाया था। जिसके बाद एसडीएम ने सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत की गई है। प्राप्त शिकायत में ग्रामीणों द्वारा पटवारी पर बीपीएल कार्ड, जमीन का पट्टा सहित अनेक राजाव संबंधी कार्यो के लिए राशि की मांग करने संबंधी आरोप लगाए गए थे। तहसीलदार श्यामपुर द्वारा शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3(1)(एक), (दो) एवं (तीन) का उल्लंघन पाए जाने पर विभागीय जांच प्रस्तावित की गई है।निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय तहसीलदार तहसील सीहोर ग्रामीण, जिला सीहोर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। साथ ही तहसीलदार श्यामपुर हल्का सीलखेड़ा क्रमांक 08 का प्रभार तत्काल अन्य पटवारी को सौंपकर समस्त शासकीय अभिलेखों की विधिवत सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित के विरुद्ध आरोप पत्र पृथक से जारी किया जाएगा।



रिश्वत कांड से हड़कंपः बीपीएल आदेश के 5 हजार, कब्जा दिलाने के 20 हजार, पटवारी बोलाः ऊपर तक देना पड़ता है!

ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, ऑडियो-वीडियो सबूत होने का दावा, पटवारी का वीडियो वायरल होते ही श्यामपुर तहसील में मचा बवाल

अहमदपुर/दोराहा। श्यामपुर तहसील में राजस्व महकमे का एक बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। राजस्व कार्यों के नाम पर खुलेआम रिश्वत मांगे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम पथरिया निवासी भगवान सिंह गुर्जर, दयाल सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बीपीएल बनाए जाने और उसके आदेश के लिए 5 हजार रुपए और जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की कथित मांग की जा रही है। अन्य राजस्व कार्यों के लिए भी अलग-अलग रेट तय होने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में सीधे तौर पर पटवारी जितेंद्र शर्मा का नाम लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने रिश्वत देने से इंकार किया तो पटवारी ने बेशर्मी से कहा कि मुझे भी ऊपर देना पड़ता है।

ऑडियो-वीडियो बम से होगा खुलासा : इस मामले में शिकायतकर्ताओं ने दावा किया है कि उनके पास रिश्वत मांगने के पुख्ता ऑडियो-वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं। एक वायरल वीडियो में पटवारी साफ तौर पर कहते हुए सुना जा रहा है कि बीपीएल परमिट का आदेश तब तक नहीं होता, जब तक वह तहसीलदार की जेब में जाकर रख नहीं देता, बाबू को भी देखना पड़ता है। वीडियो में पटवारी बीपीएल परमिट के आदेश के नाम पर सौदेबाजी करता हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन ऑडियो-वीडियो की फोरेंसिक जांच कराई जाए और राजस्व अभिलेखों व संबंधित लोगों के बयानों की भी जांच हो। वीडियो सामने आते ही श्यामपुर तहसील में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोग पटवारी की बातों को सुनकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

तहसीलदार बोलेः कार्रवाई करेंगे

इस पूरे मामले पर तहसीलदार श्यामपुर, श्याम चंदेले ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए एसडीएम सर की ओर प्रस्ताव भेज रहे हैं। इनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

कारगिल में पदस्थ सेना के जवान का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापार संघ, आष्टा के अध्यक्ष महेश जाट द्वारा कारगिल, लद्दाख में पदस्थ सीआरपीएफ कांस्टेबल/जीडी ललित सोनी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। ललित सोनी वर्तमान में 115 बटालियन सीआरपीएफ, श्रीनगर में पदस्थ हैं तथा कारगिल, लद्दाख में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष महेश जाट ने जवान ललित सोनी का साफा पहनाकर, साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही देश सेवा के प्रति उनके समर्पण के सम्मान में मेमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया। महेश जाट ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे जवान विषम एवं दुर्गम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। कारगिल जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में तैनात रहकर देश की सेवा करना प्रत्येक देशवासी के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष देवानंद भोजवानी, सुरेंद्र पोरवाल, दिनेश जैन सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य जगदीश मकोड़ी, राहुल मेवाड़ा, राहुल राठौर, भूरु मालवीय, रामेश्वर सोनी, द्वारका सोनी, सुशील सोनी रोहित सोनी शिवम सोनी अभिषेक सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने ललित सोनी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके देश सेवा के जज्बे को सलाम किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर के तत्वावधान में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय जावर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपाल दास राठी ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, संगठन के उद्देश्य एवं समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा संगठन का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है। कार्यकर्ताओं को समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण, गौसेवा, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की सेवा तथा युवाओं को संस्कार और राष्ट्रभाव से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट, धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा, जिला सह मंत्री राकेश सिंह ठाकुर, जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सह मंत्री मंगलेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर जावर प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह, सहसंयोजक भूपेंद्र सिंह, गोरक्षा प्रमुख राजेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर, खजुरिया खंड अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, कुरावर खंड मंत्री राहुल ठाकुर, गुराडिया खंड अध्यक्ष चेतन मेवाड़ा, मंत्री संदीप ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधों का किया रोपण

हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देवास–भोपाल कॉरिडोर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देवास–भोपाल कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड वर्टिस फाउंडेशन सीएसआर टीम द्वारा एट ठंडा क्षेत्र, हरिशबन में फलदार पौधों के रोपण की गतिविधि आयोजित की गई। यह पहल परियोजना के डीजीएम अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें एमपीआरडीसी के प्रतिनिधियों, परामर्शदाताओं, डीबीसीपीएल कर्मचारियों एवं परियोजना कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। वृक्षारोपण के दौरान आम, जामुन, अमरूद सहित विभिन्न फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के माध्यम से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संदेश देते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित टीम ने कहा कि पेड़ केवल प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, स्वस्थ वातावरण और सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। आज लगाया गया एक छोटा-सा पौधा आने वाले वर्षों में छाया, फल और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देकर समाज को अनमोल उपहार देता है। इसलिए वृक्षारोपण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि प्रकृति और भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नितिन अग्रवाल, सड़क रख रखाव अधिकारी, दिनेश पाटिल, प्लाजा प्रबंधक, सीएसआर प्रमुख एवं सीएसआर टीम सहित डीबीसीपीएल एवं परियोजना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति डीबीसीपीएल की निरंतर प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

बाबा रामदेव की यात्रा कर वापस आए तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम पगारिया हाट के धर्म प्रेमी बंधु लखन पडियार, जीवन सिंह ठाकुर, मोहन ट्रेलर, चंद्र सिंह ठाकुर, दलेप सिंह, इंदर सिंह व बीस तीर्थ यात्री बाबा रामदेव की यात्रा कर सकुशल गृह ग्राम पगारिया हाट आगमन हुआ। ग्राम के सरपंच अकरम खान, सदर माजीद खान, पच अनवर खान, याकूब खान द्वारा ग्राम पंचायत भवन में लखन पडियार, जीवन सिंह ठाकुर, मोहन टेलर, चंद्र सिंह दलेप सिंह व 20 अन्य श्रद्धालुओं का हार फूल माला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया गया। मंगलमय यात्रा की बधाई दी। ग्राम वासियों द्वारा पूरे गांव में डीजे के साथ जुलूस निकाला गया। जहां राम मंदिर पर पूजन पाठ कर प्रसादी वितरण की गई।